शिक्षक निर्वाचन की मतगणना आज

डीएम ने मतगणना कर्मियों को दिया विस्तृत प्रशिक्षण, निष्पक्षता और पारदर्शिता पर जोर

छपरा। बिहार विधान परिषद के सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार, 27 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से छपरा शहर के राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित मतगणना केंद्र पर मतों की गिनती होगी। मतगणना से एक दिन पूर्व सोमवार को समाहरणालय सभागार में मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की पूरी प्रक्रिया समझाते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने बताया कि मतगणना के लिए कुल 14 टेबल बनाए गए हैं। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक और दो मतगणना सहायकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को मंगलवार सुबह छह बजे तक अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। टेबल का आवंटन रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।प्रशिक्षण के दौरान मतपत्रों की पेटियां खोलने, सील की जांच करने, मतपत्रों के 25-25 के बंडल बनाने तथा वैध और अवैध मतों की पहचान करने की प्रक्रिया विस्तार से बताई गई। इसके साथ ही प्रथम वरीयता के आधार पर अभ्यर्थीवार मतों की गणना, निर्धारित कोटे का आकलन और रिपोर्ट तैयार कर रिटर्निंग ऑफिसर की टेबल पर भेजने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में एआरओ टेबल पर एलिमिनेशन राउंड की प्रक्रिया समझाई गई। अधिकारियों को बताया गया कि निर्धारित कोटा पूरा नहीं होने पर सबसे कम मत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को हटाकर उसके मतपत्रों में दर्ज दूसरी, तीसरी और अन्य वरीयताओं के अनुसार मतों का हस्तांतरण किया जाएगा। यह प्रक्रिया कोटा पूरा होने या अंतिम दो अभ्यर्थियों के शेष रहने तक जारी रहेगी।

उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण का संचालन किया। डमी बैलेट पेपर के जरिए कर्मियों से बंडल बनाने, वैध-अवैध मतों की पहचान, मतगणना और एलिमिनेशन राउंड का अभ्यास कराया गया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतगणना केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, माचिस, हथियार तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। केवल वैध प्रवेश पत्रधारकों को ही परिसर में प्रवेश मिलेगा। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और सुरक्षा कर्मी प्रवेश व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखेंगे। उन्होंने सभी कर्मियों को सतर्कता, निष्पक्षता और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।प्रशिक्षण में एडीएम विधि-व्यवस्था प्रमोद कुमार पाण्डेय, एडीएम विभागीय जांच शिव कुमार पंडित, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनिल कुमार राय, ईडीसी गुलाब हुसैन, डीपीआरओ शशि कुमार, डीसीएलआर आलोक राज, अवर निर्वाचन पदाधिकारी एखलाक अंसारी, दिलीप कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय एवं अन्य जिलों से आए अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

हत्या प्रयास मामले में दो आरोपियों को सजा एवं अर्थ दंड

छपरा. जिला एवं सत्र न्यायाधीश 13 श्रीकांत सिंह ने गड़खा थाना कांड संख्या 364 / 20 के सत्र वाद संख्या 612/ 2021 में गड़खा थाना के माधोपुर निवासी रामानंद महतो तथा अग्नू महतो को भादवि की धारा 307 में तीन तीन साल की सजा एवं तीस तीस हजार रुपए अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा एवं भादवि की धारा 325 में दो दो साल की सजा एवं दस हजार अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा सुनाई है।संदेह का लाभ देते हुए अन्य तीन अभियुक्त इलायची देवी बिंदेश्वरी महतो मंजू देवी को कोर्ट ने रिहा कर दिया है।

अभियोजन की ओर से जितेंद्र कुमार सिंह अपर लोक अभियोजक ने न्यायालय मे सरकार का पक्ष रखा और गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई।

गड़खा थाना के माधोपुर निवासी अमित कुमार ने 5 अगस्त 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने सभी पर मारपीट एवं जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया था।

मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : उर्मिला गुप्ता

छपरा। शहर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था युवा क्रांति रोटी बैंक वर्ष 2018 से लगातार जरूरतमंदों की सेवा में जुटी है। संस्था की ओर से अब तक हजारों जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन, कपड़े, दवाइयां और फल वितरित किए गए



हैं। कोरोना महामारी से लेकर छपरा और पटना में आई बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान भी संस्था की टीम ने राहत सामग्री पहुंचाकर मानव सेवा का सराहनीय प्रयास किया है। इसके अलावा गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन कराकर दर्जनों जोड़ों का घर बसाने में भी संस्था ने योगदान दिया है।इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित अशोक अलंकार परिवार की उर्मिला गुप्ता ने युवा क्रांति रोटी बैंक की पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में संस्था का कार्य प्रेरणादायक है। आठ वर्षों से निस्वार्थ भाव से हजारों लोगों की मदद करना सराहनीय है। जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्चे अर्थों में सबसे बड़ा धर्म है।

संस्था के संस्थापक ई. विजय राज ने बताया कि मानव सेवा के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल लगातार आगे बढ़ रही है। अध्यक्ष नीतू गुप्ता की देखरेख में संस्था के सेवा कार्य संचालित किए जा रहे हैं।इस अवसर पर सक्रिय सदस्य कृष्णा श्रीवास्तव, अभिषेक अग्रहरि, विवेक सिंह, समित सिंह, मोनल, सन्नी खान, सौरव, रेहान और आयुष मिश्रा उपस्थित रहे।



एकमा में रबी महोत्सव का आयोजन, किसानों को दी गयी आधुनिक खेती की जानकारी

एकमा (सारण)। आत्मा (कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण), सारण के तत्वावधान में एकमा प्रखंड में वासंतिक रबी महोत्सव-2026 के तहत प्रखंडस्तरीय कार्यशाला सह-उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आत्मा के उप परियोजना निदेशक जितेंद्र कुमार वर्मा ने किसानों से फसल अवशेष यानी पराली नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। किसानों को पर्यावरण संरक्षण के साथ खेती की लागत कम करने के लिए प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन करते हुए कृषि समन्वयक राजेश कुमार विकल ने जलवायु अनुकूल खेती के तहत मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं नियंत्रित प्रयोग की तकनीकी जानकारी भी दी।प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजकुमार चौरसिया ने कृषि विभाग एवं आत्मा की ओर से संचालित प्रशिक्षण योजनाओं, किसान परिभ्रमण कार्यक्रमों तथा किसानों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराकर उत्पादन बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाना रहा। मौके पर शुभम पाल,मोहित कुमार सिंह, राजेंद्र मौर्य एवं जमालुद्दीन अंसारी, प्रशांत मिश्रा, महेश सिंह, रमेश कुमार कुशवाहा, कल्पनाथ यादव तथा अरुण सिंह, हरेराम पंडित, विकास कुमार सिंह और सविता दास सहित अन्य कृषि कर्मी मौजूद रहे।

महर्षि दधीचि आश्रम में धूमधाम से मना शरद पूर्णिमा महोत्सव

छपरा। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से धर्म प्रसार के अंतर्गत महर्षि दधीचि आश्रम उमानाथ मंदिर परिसर, दहियावां में शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामकृष्ण आश्रम के सचिव स्वामी आती देवानंद जी महाराज तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रमुख अवध किशोर मिश्रा रहे। मंच संचालन अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने किया।

अवध किशोर मिश्रा ने शरद पूर्णिमा की महत्ता बताते हुए कहा कि इस दिन चंद्रमा की रोशनी में अमृत वर्षा होने की मान्यता है। राजेश्वर कुंवर ने चंद्रमा की रोशनी में रखी दूध-चावल की खीर को अमृत तुल्य बताया।

स्वामी आती देवानंद जी महाराज ने कहा कि सत्य और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना ही धर्म है। भगवान को समर्पित निष्ठापूर्ण कर्म से मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। अरुण पुरोहित ने महर्षि दधीचि के त्याग और तपस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने जनहित और धर्म की रक्षा के लिए अपने शरीर का त्याग किया था। प्रोफेसर अमरनाथ प्रसाद और पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने भी विचार रखे।मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष मदन मोहन सिंह, सचिव परशुराम राय मुखिया, उपाध्यक्ष मुकेश राय, बजरंग दल जिला संयोजक अनुज बजरंगी, नगर संयोजक रोहन भारती, विद्यार्थी परिषद के अभिषेक, श्री राम सेवा समिति के अमित कुमार, आशीष भारतीय, व्यापार मंडल के सोनू कुमार, राजेश डाबर, मनोज सोनी, संजय शर्मा, गोकर्ण पुरोहित, राजू रंजन तिवारी, जयशंकर सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

वोट बचाओ-देश बचाओ आंदोलन में दिल्ली जायेंगे छपरा के कांग्रेस कार्यकर्ता

छपरा। सारण जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित विस्तृत बैठक में वोट



बचाओ-देश बचाओ जनआंदोलन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर चौधरी ने की। निर्णय लिया गया कि एक नवंबर को छपरा से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली जाकर आंदोलन में शामिल होंगे। बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रीय सचिव सह सारण जिला पर्यवेक्षक डॉ. सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि जनता का वोट लोकतंत्र में उसकी सबसे बड़ी ताकत और अधिकार है। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पर सवाल उठना लोकतंत्र और संविधान की रक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि वोट की चोरी संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। चुनाव आयोग को उठ रहे सवालों का पारदर्शी और तथ्यात्मक जवाब देना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर कांग्रेस देशभर में संघर्ष तेज करेगी।जिला प्रभारी प्रेमचंद सिंह ने कहा कि मताधिकार, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता जनआंदोलन में भाग लेंगे।बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया, पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से। मौके पर प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह, अरुण कुमार सिंह, कमलेश पाठक, हरेश कुमार यादव, यासिन आजाद, राहुल कुमार यादव, कन्हैया मिश्रा, सुनील सिंह, सुनीता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

VISHAL PVT. ITI
Estd :- 2015
Gaya-Dobhi Road, Gaya
VISHAL PRIVATE ITI BODHGAYA
< A TRUSTED INSTITUTE OF MAGADH >
[ADDRESS :- NEAR INTERNATIONAL AIRPORT KHRANTI Gaya-Dobhi BODHGAYA]
200 METER'S FROM DAV SCHOOL CANTT AREA BODHGAYA
* Registration is going on for New Admission of 2026-2028 Batch . From Monday All 60 Candidate's Have To Come In College Campus And Fill the the Form And Pay The Registration Fee's .
* 12 January Is The Last Date For Form Fill up .
(ADMISSION IS GOING ON FOR ELECTRICIAN BATCH 2027-29)
For any queries please call us on :-
7488765709 , 6200237219 , 9934735170 , 9546478687

छोटे कारोबारियों के लिए एआई आधारित तकनीक विकसित कर रहे मुकेश सिंह

छपरा।.दरियापुर प्रखंड के मटिहान निवासी मुकेश कुमार सिंह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के बीच छोटे कारोबारियों की जरूरतों के अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं. डिजिटल प्रोडक्ट डेवलपमेंट, एआई आधारित बिजनेस सॉल्यूशन और कस्टमर-केंद्रित तकनीक के क्षेत्र में उनका फोकस ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार करने पर है, जिनसे कारोबारियों के रोजमर्रा के काम आसान हो सकें.

मुकेश कुमार का मानना है कि छोटे कारोबारियों के लिए तकनीक तभी उपयोगी है, जब उसका इस्तेमाल आसान हो और उससे कारोबार को सीधा लाभ मिले. इसी सोच के तहत उन्होंने भारत के छोटे कारोबारियों और उद्यमियों के लिए तैयार किए गए डिजिटल बिजनेस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म उद्योगबुक डॉट इन पर काम किया. इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से इनवॉइसिंग, इन्वेंटरी मैनेजमेंट, बिजनेस रिपोर्टिंग और जीएसटी से जुड़े कार्यों को एक जगह उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है. इस परियोजना की प्रमुख विशेषताओं में 'माया' नाम का एआई आधारित वॉयस असिस्टेंट भी शामिल है. इसे हिंदी, अंग्रेजी और हिंग्लिश में बातचीत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. इसके माध्यम से कारोबारी बोलकर अपना काम कर



सकें और उन्हें बार-बार अलग-अलग डिजिटल इंटरफेस खोलने, फॉर्म भरने या टाइपिंग करने की जरूरत कम पड़े. इससे समय की बचत और कामकाज में सुविधा मिलने की उम्मीद है.

मुकेश कुमार की कार्यशैली में ग्राहक की जरूरतों को समझना और उसी के अनुरूप तकनीक विकसित करना प्रमुख है. उनका जोर एआई, ऑटोमेशन और अन्य तकनीकों का इस्तेमाल वास्तविक व्यावसायिक समस्याओं के समाधान के लिए करने पर है. उनके अनुसार, तकनीक का उद्देश्य केवल नई सुविधाएं विकसित करना नहीं, बल्कि उन्हें आम उपयोगकर्ताओं के लिए सरल और व्यावहारिक बनाना भी है.डिजिटल तकनीक के विस्तार के साथ प्रोडक्ट मैनेजर की भूमिका भी बदल रही है. ऐसे में कारोबार, ग्राहक अनुभव और तकनीकी विकास के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना महत्वपूर्ण हो गया है. मुकेश कुमार इसी दृष्टिकोण के साथ उपयोगी डिजिटल समाधान विकसित करने की दिशा में सक्रिय हैं.डिजिटल प्रोडक्ट डेवलपमेंट के साथ-साथ ही मुकेश ब्रिटेन में एक उद्यमी के रूप में भी काम कर रहे हैं, जहां वे यूनिवर्सल आर्गेनिक प्रोडक्ट्स लिमिटेड का नेतृत्व भी करते हैं. यह कंपनी आर्गेनिक प्रोडक्ट्स सेक्टर में काम करती है और प्रोड्यूसर्स, सप्लायर और कस्टमर्स के बीच बेहतर तालमेल पर ध्यान देती है. कंपनी का उद्देश्य लोकल फार्मर्स और कम्युनिटीज को भी सपोर्ट करना है, ताकि प्रोड्यूसर्स को कस्टमर्स तक सीधे पहुंचने के बेहतर अवसर मिल सकें और सप्लाई चैन को और भी विकसित किया जाये. मुकेश अपने इस कारोबार में भी टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को महत्वपूर्ण मानते हैं.

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre
डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PCDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नहीं लगना, वजन नहीं बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फूलना, निमोनिया, दमा, खांसी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, थायराइड, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित इलाज
पता - NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre
Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
Kidney Stone Treatment
Prostate Care
Urinary Tract Infections (UTI)
Andrology & Male Health
Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636

सारण में नशामुक्त बिहार अभियान के तहत चलेगा जागरूकता अभियान

छपरा। नशामुक्त बिहार अभियान के संकल्प को साकार करने के लिए सारण जिले में सघन जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के दुष्परिणामों और नशामुक्त जीवन के महत्व का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, परिचर्चा तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। अभियान में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पंचायत एवं वार्ड स्तर पर पोस्टर, बैनर और जनसंपर्क के विभिन्न माध्यमों से लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा।प्रशासन के अनुसार, नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, पारिवारिक खुशहाली और सामाजिक विकास को प्रभावित करता है। इसलिए नशामुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। अभियान के माध्यम से लोगों को स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सलाह | समाधान
मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य ही, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन • शंका या डर • मिर्गी आना • बिना कारण चिंता, निराशा
• आत्महत्या की इच्छा • बार बार बुरा सपना आना / नींद न आना • अकारण घबराहट, बेचैनी • डिप्रेशन / उदासी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में रुचि न लेना • नींद पूरी न होना • पास नहीं होना / असफलता से डरना
नशे की समस्या
शराब, सिगरेट, हेरोइन, अफीम, चरस, स्मैक और गुटखा / तंबाकू की लत छोड़ें
सेक्स संबंधित समस्या
सर दर्द माइग्रेन
मस्त रोग संबंधित समस्या
डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychiatry, DPM-CIP Ranchi, Ranchi)
मनोरोग और सिजोफ्रेनिया विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन चिकित्सा विशेषज्ञ | व्यक्तित्व विकास, तनाव और अवसाद
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
manahpsych
Unit: 1015, 3rd Floor, Sahyog Complex, Opp. Income Tax Office, Kankarbagh, Patna - 800020
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही सलाह लें।

लायंस क्लब की पीस पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी प्रथम

छपरा। अंतरराष्ट्रीय संस्था लायंस क्लब छपरा सारण के तत्वावधान में शहर के मौना स्थित आरबीएस पब्लिक स्कूल में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम, नंदिनी ने द्वितीय तथा रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के चेयरपर्सन लायन जगदीश शर्मा ने कहा कि विद्यालय के बच्चे काफी होनहार हैं। इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता है और उनमें शांति, सद्भाव तथा विश्व बंधुत्व की भावना विकसित होती है।कार्यक्रम में लायंस क्लब छपरा सारण के अध्यक्ष लायन आनंद कुमार, सचिव लायन रजनीश कुमार, लायन प्रमोद मिश्रा, लायन आशुतोष शर्मा, लायन डॉ. ओपी गुप्ता, लायन नागेंद्र कुमार, लायन रणधीर जायसवाल, वासुदेव गुप्ता और गणेश पाठक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

440 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के दुमदुमा जानें वाली सड़क पर बहरौली बाजार के पास पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 440 लीटर जो 51 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद की। इस दौरान शराब लदी बाइक छोड़कर दो आरोपी फरार हो गए। मामले में दुरगौली गांव निवासी शुद्धन महतो और अजय साह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।दारोगा सुदर्शन सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई की। तलाशी में मोटरसाइकिल पर लदे 51 कार्टन से शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और मोटरसाइकिल जब्त कर फरार आरोपितों की गिरफ्तारी तथा शराब के स्रोत का पता लगाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

खरगे की टिप्पणी निंदनीय, कांग्रेस नेतृत्व की सोच उजागर : रूडी

छपरा। सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के संदर्भ में की गई टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है और इसे देशवासी तथा भाजपा कार्यकर्ता स्वीकार नहीं करेंगे। रूडी ने कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा और संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से आत्ममंथन करने और ऐसी टिप्पणियों की पुनरावृत्ति रोकने की अपील की।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
धनबाद मंडल की ओर से ई/निदेशक
सूचना सं- 10/डी.आर.एम./डी.एच.आर./ओ.टी./26-27
मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल धनबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा संख्या: डी.आर.एम./डी/ई एच.आर./ओ टी./10/26-27
1. कार्य का नाम एवं स्थान: रनुडीह-धनबाद सीमा [बिहार] रेल खंड के बीच, लोकेशन KM/35-35 पर LC-05 B को स्वचालित करना, इसमें प्रस्तावित ROB के बदले एक अलग LC गेट की व्यवस्था करना भी शामिल है, का निविदा कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत (एस्कलेटी. शुल्क): रु. 32,32,844.00/- 3.अमानत राशि: रु. 64,600.00/- 4. निविदा खुलने एवं जमा करने की तारीख और समय: निविदा ऑनलाइन जमा करने की तिथि और समय: 20.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तो खुले 15 मिनटबाद विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का नाम जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा या सकता है, आदि: निविदा विवरण, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज का डी.आर.एम., धनबाद ई-प्रकाशन https://www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण वेबसाइट डीडीयू.(डी. आर.डी.)/पूर्व मध्य रेलवे/धनबाद के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो रनी सूचियन वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद
विज्ञा/1182/डीएचआर/टेंडरनो/डी/26-27/40

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULGHAK, KARDUNA, JEHANABAD 804417
Purpose Course: MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
पीजी आवश्यक है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lib.Sc
Lab Instructor/		DCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर भेज दें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी
Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697559, 9334874905